समाचार

अतिवर्षा से प्रभावितों के लिए निगम ने बनाए सेल्टर केन्द्र

(महापौर एवं आयुक्त ने सेल्टर केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने दिए अधिकारियों को निर्देश)

कोरबा 06 अगस्त 2019 –लगातार बारिश से निचले इलाकों की बस्तियों में पानी भरने के परिणाम स्वरूप प्रभावित होने वाले लोगों के भोजन, निवास, पेयजल तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं देने हेतु निगम ने सेल्टर केन्द्र स्थापित किए हैं, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं आयुक्त श्री राहुल देव ने इन राहत केन्द्रों में प्रभावित व्यक्तियों के लिए भोजन, शुद्ध पेयजल, बिजली सुविधा, चिकित्सकीय सुविधा, साफ–सफाई आदि की समुचित व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

कोरबा में आज सुबह से ही लगातार बारिश होने से क्षेत्र की निचली बस्तियों में जल भराव की आशंकाएं उत्पन्न हो गई, वहीं बालको के परसाभांठा आजाद नगर क्षेत्र के निचले मोहल्लों में जल भराव की स्थिति भी निर्मित हुई, इसकी सूचना प्राप्त होते ही रायपुर प्रवास पर गई महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल तथा आयुक्त श्री राहुल देव ने मोबाईल के माध्यम से निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अतिवृष्टि प्रभावित नागरिकों की सहायता हेतु तत्काल आवश्यक कदम उठाएं, निगम द्वारा स्थापित सेल्टर केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें ताकि सेल्टर केन्द्रों में आने वाले प्रभावित लोगों को भोजन पानी आदि की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। निगम के अधिकारियों द्वारा तत्काल इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही करते हुए बालको क्षेत्रांतर्गत 03 सेल्टर केन्द्र क्रमशः कांजी हाउस परसाभांठा के पास स्थित सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 37 सेक्टर–2 स्थित मंगल भवन एवं राम मंदिर के समीप

स्थित सामुदायिक भवन में सेल्टर केन्द्र स्थापित कर वहां प्रभावित लोगों के लिए भोजन, शुद्ध पेयजल हेतु पानी टेंकर, दरी गद्दे, विद्युत व्यवस्था के साथ–साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक सेल्टर केन्द्र हेतु पृथक–पृथक केन्द्र प्रभारी व सहयोगी कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई है।

अन्य जोन में भी सेल्टर केन्द्र स्थापित– नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के सभी जोनांतर्गत सेल्टर केन्द्रों की स्थापना कर वहां आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, प्राथमिक शाला आदिम जाति कल्याण सीतामणी, पूर्व माध्यमिक शाला सीतामणी, प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला आदिम जाति कल्याण रानी रोड के पास कोरबा, प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम एवं आडिटोरियम, प्राथमिक शाला मुड़ापार, मंगल भवन दर्री, प्राथ.शाला जोगियाडेरा, सुमेधा स्कूल के पास, पूर्व.माध्य.शा.प्रेमनगर बांकी तथा पूर्व माध्य.शा.भैरोताल एवं घुड़देव में सेल्टर केन्द्र बनाए गए हैं। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं आयुक्त श्री राहुल देव ने इन सभी सेल्टर केन्द्रों में आने वाले अतिवर्षा प्रभावित लोगों के लिए भोजन, शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सकीय एवं साफ–सफाई व्यवस्था आदि के साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, शाम तक इन सभी केन्द्रों में भी आवश्यक व्यवस्थाएं अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित कर ली गई है।

निगम कार्यालय साकेत में मुख्य नियंत्रण कक्ष– नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र का मुख्य नियंत्रण कक्ष निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में स्थापित किया गया है, जिसका टेलीफोन नम्बर 226672 मुख्य नियंत्रण कक्ष में स्थापित टेलीफोन अटेंड करने हेतु 03 पालियों में कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इसी प्रकार निगम के सभी 08 जोन हेतु प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए है।